# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: ce@shekhauni.ac.in


क्रमांक: 14429

दिनांक : 10/08/2026

## कार्यालय आदेश

**स्नातक** (BBA & BCA) **व स्नातकोत्तर** (Physics, Chemistry, Botany, Zoology & Mathematics) **स्तर के नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों (वार्षिक पद्धति/मर्सी चांस) की प्रायोगिक परीक्षा–2026 हेतु आवश्यक सूचना**

विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में अवस्थित समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों (वार्षिक पद्धति/मर्सी चांस) को सूचित किया जाता है कि स्नातक (BBA & BCA) एवं स्नातकोत्तर (Physics, Chemistry, Botany, Zoology & Mathematics) स्तर की प्रायोगिक परीक्षाएँ दिनांक 17.08.2026 से 19.08.2026 तक विश्वविद्यालय परिसर (Academic Block) में आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा में वही परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिन्होंने प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र/प्रायोगिक रिकॉर्ड तथा परीक्षा प्रवेश पत्र (Admit Card) साथ आवंटित्त परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अतः संबंधित केन्द्राधीक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षार्थियों के विधिवत प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र /प्रायोगिक रिकॉर्ड एवं प्रवेश पत्र की जाँच करने के पश्चात नियमानुसार निर्धारित तिथि में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शंका के समाधान के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग के हेल्पलाइन नंबर (7398532208, 9151006023) पर संपर्क किया जा सकता है।

**नोटः**– परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर, उसमें अंकित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

प्रभारी
प्रायोगिक परीक्षा

क्रमांक: 14430-32

दिनांक : 10/08/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को सूचित करवाने का श्रम करें।
4. संबंधित फर्म।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक